भक्ति रस में शक्ति बड़ी

भक्ति रस में शक्ति बड़ी श्याम रट ले घडी दो घडी,
बीत जाये उमरियाँ तेरी श्याम रट ले घडी दी घडी,

ज़िंदगी यु गुजर जाएगी देखता ही तू रह जायेगा,
फिर तू कर चाहे लाखो यत्न गुजरा वक़्त नहीं आएगा,
वो नहीं आएगा,
भाग्ये रेखा है किसने पड़ी श्याम रट ले घडी दो घडी,
भक्ति रस में शक्ति बड़ी श्याम रट ले घडी दो घडी,

आता है जो भी संसार में जाना पड़ता है संसार से,
पार कर ले ये जीवन की नैया श्याम नाम की पतवार से,
दिल की पतवार से,
रह ना जाये भवर में कड़ी, श्याम रट ले घडी दो घडी,
भक्ति रस में शक्ति बड़ी श्याम रट ले घडी दो घडी,

आओ खाटू वाले की शरण मिल के गाओ सभी इनके भजन,
बस लगा लो इन्ही से लगन रहो इसकी धुन में मगन,
मेरे मोहन की महिमा बड़ी श्याम रट ले घडी दो घडी,
भक्ति रस में शक्ति बड़ी श्याम रट ले घडी दो घडी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5316/title/bhakti-ras-me-shakti-badi-shyam-rat-ke-ghadi-do-ghadi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |